निगम भिलाई राज्य का पहला निगम बना जहॉ कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना होगी

भिलाईनगर। आज भिलाई नगर निगम एवं दुर्ग जिले के लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट स्थापना का एग्रीमेंट हस्ताक्षर हुआ है। इसमें नगर पालिक निगम भिलाई सीबीडीए एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य कन्सेशन एग्रीमेंट का निष्पादन हुआ है। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई–चरोदा के वहॉ से निकलने वाले गीले कचरे को संबंधित एजेंसी को पहुॅचा कर दी जायेगी। जहॉ पर इसके माध्यम से संबंधित एजेंसी द्वारा कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पत्ति की जायेगी। छ.ग. बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा निरंतर प्रयास के फलस्वरूप भारत सरकार का उपक्रम भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य ऐतिहासिक एमओयू का हस्ताक्षर किया गया है, जिसमें कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी के उपस्थिति में नगर निगम भिलाई के आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा संबंधित एजेंसी के मध्य कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन करने हेतु मूर्त रूप दिया गया है। इसके पूर्व दिनांक 13.03.2024 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छ.ग. शासन , उपमुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर, भिलाई सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य कम्पोस्ट बायो गैस संयंत्रों के स्थापना हेतु त्रिपक्षीय एमओयू निष्पादित किया गया था। इस क्रम में आज दिनांक 21.10.2024 को नगर पालिक निगम भिलाई सीबीडीए एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य त्रिपक्षीय कन्सेशन एग्रीमेंट हस्ताक्षर किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत नगर निगम भिलाई के अंतर्गत टेंचिंग ग्राउंड जामुल में बीपीसीएल द्वारा स्वयं निवेश से सीबीजे संयंत्र का स्थापना किया जायेगा। इससे निम्नलिखित लाभ होगा। नगर निगम भिलाई , दुर्ग, रिसाली, भिलाई–चरोदा नगर निगमों से 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट गीले कचरे का उपयोग करके जैव ईंधन उत्पादन किया जायेगा। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ राज्य का पहला जिला है जहां पहले इस प्रकार का एग्रीमेंट हो रहा है. यह सभी नगर निगम के लिए के लिए मील का पत्थर साबित होगा। नगर निगम भिलाई बहुत भाग्यशाली है जो इस एग्रीमेंट का माध्यम बन रहा है। आयुक्त दुबे द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया बहुत कम समय में इस एग्रीमेंट को मूर्त रूप दे पाए. खुशी व्यक्त करते हुए आयुक्त बजरंग दुबे ने कहा कि हमें खुशी है कि हम छ.ग. राज्य के प्रथम निगम बने है, नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट स्थापना संबंधित एजेंसी के माध्यम से करवा रहे है। जो निगम भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई–चरोदा के लिए बहुत ही आवश्यक था। यह सभी नगरीय निकाय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आज के ऐतिहासिक एग्रीमेंट पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने खुशी व्यक्त की कि हमारा नगर निगम भिलाई बहुत उपयोगी कार्य कार्य के लिए एग्रीमेंट किया है जिससे शहर को गीले कचरे से निजात मिलेगी उसका समुचित उपयोग होगा जो पर्यावरण के लिए बहुत ही लाभदायक होगा । एग्रीमेंट के दौरान एडिशनल कलेक्टर भार्गव पें दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर , रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा , भिलाई–3 चरोदा निगम आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत, अधीक्षण अभियंता निगम भिलाई दीपक जोशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीबीडीए सुमीत सरकार, अनिल कुमार पी, हेड बायो फ्यूल बीपीसीएल मुम्बई, लव त्यागी, सभी निगमों के स्वास्थ्य अधिकारी, बीपीसीएल एवं ऊर्जा विभाग , छ.ग. शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण आदि उपस्थित रहें।